किशन की एक बड़ी पौधशाला है, जहाँ वह विभिन्न प्रकार के पौधे रखता है। प्राय: गाँववाले आते हैं और उससे अपने घरों में लगाने के लिए पौधे ले जाते हैं।




1. किशन के पास विभिन्न प्रकार की औषधियों और पुष्पों के 364 पौधे थे। फिर वह अपने मित्र के गाँव गया और वहाँ से 52 पौधे और ले आया। अब उसके पास कुल कितने पौधे हैं?

आइए इस समस्या के लिए हम एक बॉक्स आरेख बनाएँ—




आइए इस समस्या को हल करने के लिए नीचे दी गई प्रक्रिया का उपयोग करें—

10 दहाई को मिलाकर बनेगा 1 सैकड़ा




364 पौधे 52 पौधे

3 सैकड़ों को 1 सैकड़ा के साथ मिलाने पर प्राप्त होते हैं 4 सैकड़ें



कुल मिलाकर कितने पौधे?

364 में 52 जोड़ने पर प्राप्त होते हैं 4 सैकड़ा, 1 दहाई और 6 इकाई

सैकड़ा	दहाई	इकाई
		
4	1	6


364 पौधे + 52 पौधे = ... पौधे

364 + 52 = ...

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 12.indd 151 3/7/2025 10:04:35 AM


आप इसे हल करने के लिए संख्या-रेखा का उपयोग भी कर सकते हैं।





2. किशन को एक विद्यालय में 230 पौधे पहुँचाने का आदेश प्राप्त हुआ। उसने 75 पौधों को एक खुले डिब्बे में बाँधा/व्यवस्थित किया। उसे और कितने पौधों को बाँधने/व्यवस्थित करने की आवश्यकता है?



हम दी गई समस्या को एक बॉक्स आरेख के रूप में लिखेंगे —



आइए हम समस्या को हल करने के लिए सैकड़ा  , दहाई  और इकाई ■ का उपयोग करें।

सैकड़ा	दहाई	इकाई
2	3	0
		

हमें 230 में से 75 को घटाना होगा।

सैकड़ा	दहाई	इकाई
		

5 इकाई को हटाने के लिए हमें 1 दहाई को 10 इकाई में परिवर्तित करना होगा।

अब हम 10 इकाई में से 5 इकाई को निकाल सकते हैं।




शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को इन समस्याओं को हल करने के लिए पुस्तक के अंत में दिए गए डाइंस ब्लॉक का और संख्या-रेखा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। विद्यार्थी संख्याओं को घटाकर और जोड़कर इन समस्याओं को भिन्न-भिन्न विधियों से कर सकते हैं। सैकड़े, दहाई और इकाई के मध्य संबंधों पर चर्चा कीजिए।

@KIBS NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 12.indd 152 3/7/2025 10:04:36 AM

10 इकाई में से 5 इकाई घटाने पर हमारे पास बचती हैं 5 इकाई।


अतः 230 में से 5 घटाने पर हमें प्राप्त होता है 225 अब हमें 225 में से 70 घटाना होगा। हम 225 की 2 दहाई में से 70 की 7 दहाई को नहीं घटा सकते हैं अत: हमें 1 सैकड़े को 10 दहाई में परिवर्तित करना होगा।



हमें 70 घटाना है अर्थात 12 दहाई में से 7 दहाई को घटाना है।



अब हमारे पास यह शेष है।



किशन के पास अब ..... पौधे हैं।



शिक्षक के लिए टिप्पणी – मानक प्रक्रियाओं/विधियों के अध्ययन से पहले विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न कार्य-योजनाओं के साथ विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए डाइंस ब्लॉक और संख्या-रेखा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 153 3/7/2025 10:04:37 AM

आइए करते हैं


1. निम्नलिखित समस्याओं को पहले दिखाए गए बॉक्स आरेख द्वारा हल कीजिए। उसके बाद इकाई-दहाई-सैकड़ा गुटकों (डाइंस ब्लॉक) का अथवा संख्या-रेखा का उपयोग करके समस्याओं को हल कीजिए —


   (क) किशन के पास अगस्त में 456 पौधे हैं। उसने 63 पौधे वितरित किए। अब उसके पास कितने पौधे शेष हैं?


   (ख) किशन के पास 309 पौधों का संग्रह है। वह पुष्पों के 80 पौधे और प्राप्त करता है। अब उसके पास कितने पौधे हैं?

   (ग) किशन के पास औषधियों के 270 पौधे हैं और उसके मित्र के पास औषधियों के 36 पौधे हैं। किशन के पास अपने मित्र से कितने पौधे अधिक हैं?

2. नीचे दर्शाए बॉक्स आरेखों में दी गई संख्याओं का उपयोग करके शाब्दिक प्रश्न लिखिए और उन्हें हल किजिए। आप उपयुक्त संदर्भों के लिए चित्रों से सहायता ले सकते हैं —










@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 154 3/7/2025 10:04:38 AM





3. निम्नलिखित प्रश्नों को हल करने के लिए नीचे दिए गए जाल (ग्रिड) का उपयोग कीजिए। जाल में अपने उत्तरों को रंगिए—

521	522	523	524	525	526	527	528	529	530
511	512	513	514	515	516	517	518	519	520
501	502	503	504	505	506	507	508	509	510
491	492	493	494	495	496	497	498	499	500
481	482	483	484	485	486	487	488	489	490
471	472	473	474	475	476	477	478	479	480
461	462	463	464	465	466	467	468	469	470
451	452	453	454	455	456	457	458	459	460

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

456 + 10	466	481 + 19		489 + 21 + 15	
405 + 23		467 + 51		519 – 40	



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को उपरोक्त जाल का उपयोग करके समस्याओं को हल करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। 100, 10 और 1 जोड़ने पर अंकों के पैटर्न में होने वाले परिवर्तन की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित कीजिए।


Chapter 12.indd 155 3/7/2025 10:04:38 AM

निर्देशानुसार कीजिए

100 जोड़ो	10 जोड़ो	1 जोड़ो
269	269	269
369		
	289	

100 जोड़ो	10 जोड़ो	1 जोड़ो
454	454	454
		455

अनेक वर्ष पूर्व जादूपुर गाँव में व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं का आदान-प्रदान (लेन-देन) करते थे। श्यामू काका ने देवकी दीदी को 5 बोरी चावल दिए। बदले में उन्होंने 10 बोरी सब्जियाँ दी। देवकी दीदी ने 5 बोरी प्याज देकर बबलू दादा से 2 साड़ियाँ लीं।



इस प्रकार गाँव में लोग अपनी वस्तुओं का आदान-प्रदान करते थे। श्यामू काका को चावल के बदले में सब्जी मिल गई। देवकी दीदी ने दो साड़ियों के लिए बबलू दादा को बहुत सारे प्याज दे दिए। कक्षा में चर्चा कीजिए कि इस गाँव में व्यक्तियों को वस्तुओं का आदान-प्रदान करते समय भिन्न-भिन्न मात्रा क्यों देनी पड़ती हैं।




वर्तमान समय में हम अपनी आवश्यकता की वस्तुओं के बदले में रुपयों का उपयोग करते हैं। नोट और सिक्के अलग-अलग मूल्य के आते हैं जिनका उपयोग भिन्न-भिन्न वस्तुओं को खरीदने के लिए किया जाता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 156 3/7/2025 10:04:38 AM

उदाहरण हेतु 10 रुपये के एक नोट से एक हवा-मिठाई अथवा दस संतरे की टॉफियाँ खरीदी जा सकती हैं।



अर्थात एक हवा-मिठाई का मूल्य एक संतरे की गोली के मूल्य से अधिक है।

सलमा ने ₹ 100 में दूध की दो बोतलें खरीदी। किरण ने ₹ 100 में अनार की एक टोकरी खरीदी।

एक दूध की बोतल अथवा एक अनार में जिसका मूल्य अधिक है, उस पर घेरा लगाइए?



ऐसी दो वस्तुओं के विषय में विचार कीजिए जिन्हें हम समान मूल्य वाले नोट का उपयोग करके खरीद सकते हैं —

नोट	वस्तुएँ, जो आप खरीद सकते हैं
	
	

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 157 3/7/2025 10:04:40 AM

दिए गए दो स्तंभों में समान मूल्य वाले नोटों और सिक्कों का मिलान कीजिए—













































शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को वास्तविक नोटों में विभिन्न प्रकार की विशेषताओं पर ध्यान देने के लिए कहें, जैसे– महात्मा गाँधी का चित्र, स्मारक, दृष्टिबाधित व्यक्तियों हेतु उभरी हुई छवियाँ, संख्याएँ और विभिन्न भाषाओं में लिखे हुए संख्याओं के नाम आदि। विद्यार्थियों के साथ नोटों और सिक्कों के संबंध पर चर्चा कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 158 3/7/2025 10:06:16 AM

नीचे दी गई वस्तुओं के क्रय हेतु निम्नलिखित नोटों और सिक्कों का उपयोग कीजिए। रुपये देने की कम से कम दो विधियाँ बताइए। आप इन नोटों और सिक्कों का एक से अधिक बार उपयोग कर सकते हैं।
















© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्या आपने यह नोट देखा है?



₹100 के उतने नोट बनाइए जितने ₹500 के एक नोट के समान हों।

- ₹100 के कितने नोट ₹500 के एक नोट के समान हैं? .....
- आप ₹500 में कौन-कौन सी वस्तुएँ खरीद सकते हैं?

.....

.....

Chapter 12.indd 159 3/7/2025 10:06:18 AM



प्रात: काल में रामू चाचा के पास गल्ले में ₹ 465 थे। दोपहर तक उनके पास ₹ 756 हो गए। उन्होंने प्रात: काल से कितना धन अर्जित किया?

आइए इस समस्या के लिए एक बॉक्स आरेख बनाएँ—

?


465 → 756

मेरा अनुमान

₹ .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

₹ 756




घटाए गए ₹ 465



दोनों राशियों के मध्य अंतर = ₹ 291

उन्होंने प्रात: काल से ₹ 291 अर्जित किए हैं।



Chapter 12.indd 160 3/7/2025 10:06:23 AM

आज रामू चाचा ने ₹ 640 के चावल और ₹ 215 की चीनी बेची। इस बिक्री से उन्होंने कितना धन अर्जित किया?

समस्या के लिए बॉक्स आरेख बनाइए—

?

मेरा अनुमान

₹ .....

उपरोक्त समस्या का हल करने के लिए  और  के नोटों एवं  के सिक्कों का अथवा एक संख्या-रेखा का उपयोग कीजिए—

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आइए करते हैं

बॉक्स-आरेखों का उपयोग करके निम्नलिखित समस्याओं को हल कीजिए। पहले उत्तरों का अनुमान लगाइए फिर समस्याओं को हल करने के लिए ₹ 100, ₹ 10 और ₹ 1 के नोटों/सिक्कों अथवा एक संख्या-रेखा का उपयोग कीजिए—

1. एक दिन रामू चाचा ने ₹ 650 अर्जित किए। अगले दिन उन्होंने ₹ 250 और अर्जित किए। दूसरे दिन तक उन्होंने कितना धन अर्जित किया? .....

शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को खेलने वाले नोट और सिक्के उपलब्ध कराएँ अथवा उन्हें बनाने के लिए कहिए। सैकड़ा, दहाई और इकाई के मूल्य-वर्गों का आदान-प्रदान करने में विद्यार्थियों की सहायता कीजिए और समस्याओं को हल करने में इनका उपयोग कीजिए।

Chapter 12.indd 161 3/7/2025 10:06:23 AM

2. रीना ने ₹ 209 में किराने का सामान खरीदा। उसने रामू चाचा को ₹ 500 का एक नोट दिया। रीना को रामू चाचा कितने रुपये लौटाएँगे? .....

3. सीता के गुल्लक में ₹ 150 हैं। वह प्रत्येक सप्ताह अपने गुल्लक में ₹ 100 डालती है। चार सप्ताह के बाद उसके पास कितने रुपये होंगे? .....

4. रामू चाचा ने पहले महीने में ₹ 250, दूसरे महीने में ₹ 125 और तीसरे महीने में ₹ 350 बचाए। इन तीन महीनों में उन्होंने कुल कितनी बचत की? .....



नीचे तालिका में दिए गए संख्या-वाक्यों के निकटतम सौ तक के उत्तरों का अनुमान लगाइए। कक्षा में अपने विचार साझा कीजिए —

संख्या वाक्य	निकटतम सौ
156 + 34	
125 – 15	
105 + 195	
205 + 215	
500 – 395	
765 – 567	
505 + 405	

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को संख्याओं को जोड़ने और घटाने का अभ्यास कराने के लिए ऐसे ही और शाब्दिक प्रश्नों को बनाइए। विद्यार्थियों को हल करने से पहले समस्या का बॉक्स आरेख बनाने के लिए प्रेरित कीजिए। विद्यार्थियों को शाब्दिक प्रश्न हल करने के लिए संकेत देने से बचें।

Chapter 12.indd 162 3/7/2025 10:06:24 AM


3. गणना किए बिना प्रत्येक पंक्ति में दी गई समस्या की तुलना कीजिए। जो अधिक है, उस पर घेरा लगाइए। अपने उत्तरों के कारणों से संबंधित विचारों को कक्षा में साझा कीजिए —

373 + 23	373 + 40
240 + 10	204 + 10
900 + 9	890 + 60
345 – 45	345 – 54
800 – 8	700 – 8

4. बॉक्स में उन युग्मों को छाँटिए जो उत्तर में समान हों। अपने विचारों को कक्षा में साझा कीजिए —

516 + 100	615 – 200	350 + 50
400 + 15	450 – 50	816 – 200

5. नीचे दिए गए खाली बक्सों में उपयुक्त संख्याएँ भरिए —






शिक्षक के लिए टिप्पणी – कक्षा में उपर्युक्त समस्याओं के हल के लिए विद्यार्थियों को मानसिक गणना करने को प्रोत्साहित कीजिए। विद्यार्थियों से ऐसे अनेक प्रश्नों को निर्मित करने के लिए कहिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 12.indd 163 3/7/2025 10:06:24 AM

0–5 तक के अंकों के भिन्न-भिन्न पत्रक बनाइए (प्रत्येक अंक के लिए भिन्न पत्रक)। इन पत्रकों का उपयोग करके तीन अंकों की दो संख्याएँ बनाइए। दोनों संख्याओं को जोड़िए और दोनों संख्याओं को घटाइए। पुन: व्यवस्थित करके और बड़ा योग प्राप्त करने का प्रयास कीजिए। पुनर्व्यवस्थित करके और कम अंतर प्राप्त करने का प्रयास कीजिए।

अपने मित्रों से पता कीजिए कि किसका योग सबसे बड़ा और किसका अंतर सबसे कम आया है।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आइए करते हैं

निम्नलिखित संख्या-वाक्य को हल कीजिए —

(क) 265 + 9 = ... (ख) 405 + 56 = ...

(ग) 825 + 175 = ... (घ) 600 – 82 = ...

(ङ) 568 – 5 = ... (च) 653 – 356 = ...

शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न संख्याएँ बनाने के लिए पुस्तक के अंत में दिए गए संख्या-पत्रकों का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित कीजिए। विद्यार्थियों के लिए यह कार्य केवल कागज और पेंसिल से करना कठिन हो सकता है।


Chapter 12.indd 164 3/7/2025 10:06:24 AM

13 समय-समय की बात

0334CH13







पापा लाए नया कैलेंडर,
मम्मी झाँके उसके अंदर।

उसमें थी एक भूल भयंकर,
छपा नहीं था माह सितंबर।

उसके आगे कौन से महीने,
आते नहीं जिनमें पसीने।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आइए करते हैं

1. सितंबर 2024 माह का कैलेंडर बनाइए—

सितंबर-2024

सोमवार (Monday)	मंगलवार (Tuesday)	बुधवार (Wednesday)	गुरुवार (Thursday)	शुक्रवार (Friday)	शनिवार (Saturday)	रविवार (Sunday)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. सितंबर माह के कैलेंडर को देखिए और रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) इस माह में रविवारों की संख्या ..... है।

(ख) इस माह में गुरुवार को पड़ने वाली तारीखें ....., ..., ..., ... हैं।

(ग) 22 सितंबर के तीन दिन बाद ..... सितंबर है। इस दिनांक को ..... का दिन है।

(घ) एक विद्यालय 7 सितंबर को 15 दिनों के लिए बंद हो जाता है। वह विद्यालय ..... को खुलेगा।

Chapter 13.indd 166 3/7/2025 10:25:57 AM



आइए पता लगाएँ

पिछले दो वर्षों के कैलेंडर एकत्रित कीजिए। दोनों कैलेंडर में निम्नलिखित का अवलोकन कीजिए।

1. दोनों वर्षों में क्या समानता है और क्या बदल रहा है? सही ✓ का चिह्न लगाइए—

(क)	महीनों के नाम	समान / भिन्न
(ख)	महीने में दिन	समान / भिन्न
(ग)	सप्ताह में दिन	समान / भिन्न
(घ)	रविवारों की संख्या	समान / भिन्न
(ङ)	एक वर्ष में सप्ताहों की संख्या	समान / भिन्न

दोनों वर्षों में जो पर्व एक समान दिन पर आते हैं, उन पर घेरा लगाइए—

पर्व	दिनांक/माह/वर्ष DD/MM/YY	दिनांक/माह/वर्ष DD/MM/YY	पर्व	दिनांक/माह/वर्ष DD/MM/YY	दिनांक/माह/वर्ष DD/MM/YY
दीपावली			मकर संक्रांति		
गणेश चतुर्थी			महावीर जयंती		
ईद-उल-फितर			स्वतंत्रता दिवस		
दशहरा			गुरुपर्व		
बुद्ध पूर्णिमा			गणतंत्र दिवस		
क्रिसमस			आपका जन्मदिन		

©KTPS NOT TO BE REPUBLISHED



आइए करते हैं

1. अपनी अभ्यास पुस्तिका में वर्ष के 12 महीनों के नाम लिखिए।
2. वे महीने जिनमें 30 दिन से कम दिन हैं। .....
3. एक वर्ष में दिनों की संख्या कितनी है। .....
4. हेतल का कहना है कि एक वर्ष में 53 सप्ताह होते हैं। क्या वह सही है? हाँ/नहीं। यदि नहीं, तो आपको एक वर्ष में कितने सप्ताह प्राप्त हुए? .....

Chapter 13.indd 167 3/7/2025 10:25:57 AM

आयु का खेल

अपनी माताजी से बात करें तथा निम्नलिखित का पता लगाइए।



मेरी माँ के जन्म के समय मेरी नानीजी की आयु

.....





आज मेरी माँ की आयु

.....

हम कितने वर्ष के हैं?





मेरे जन्म के समय मेरी नानीजी की आयु

.....



आज मेरी नानीजी की आयु

.....



मेरे जन्म के समय मेरी माँ की आयु

.....

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

हेतल की आयु उसके भाई से दोगुनी है। वह अपने भाई से 10 वर्ष बड़ी भी है। हेतल और उसके भाई की आयु का अनुमान लगाइए।



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों के साथ उन विधियों पर चर्चा कीजिए जिनका उपयोग उन्होंने विभिन्न व्यक्तियों की आयु ज्ञात करने के लिए किया।

आइए करते हैं

प्रपत्र संख्या 5

केरल सरकार



जन्म प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि यह सूचना जन्म के मूल रिकॉर्ड से ली गई है जो कि वर्ष 2015 के कोट्टायम पंचायत के रजिस्टर में दर्ज है।

नाम :	बिन्सी थॉमस जेकब
लिंग :	स्त्री
जन्म दिनांक :	02/05/2015 (दो मई, दो हजार पंद्रह)
जन्म स्थान :	कदमपूझा अस्पताल
पिता का नाम :	जेकब थराकन
माता का नाम :	लारा थॉमस
पंजीकरण दिनांक :	02/05/2015
पंजीकरण संख्या :	815/15

दिनांक : 18.05.2015 अधिकारी के हस्ताक्षर

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बिन्सी के जन्म प्रमाण-पत्र को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

1. 2-5-2015 से पता चलता है कि बिन्सी का जन्म 2 अप्रैल/मई/जून/जुलाई 2015 को हुआ था। .....
2. बिन्सी 2 मई 2025 को कितने वर्ष की हो जाएगी? .....
3. वह 2030 में कितने वर्ष की हो जाएगी? .....
4. बिन्सी का आठवाँ जन्मदिन कब था? .....
5. बिन्सी 2 अगस्त 2015 को ..... महीने की थी?
6. जन्म के कितने दिनों बाद उसका जन्म प्रमाण-पत्र जारी हुआ? .....

Chapter 13.indd 169 3/7/2025 10:26:00 AM



आइए करते हैं

1. आप अपना जन्म प्रमाण-पत्र बनाइए —

प्रपत्र संख्या .....

..... सरकार

जन्म प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि यह सूचना जन्म के मूल रिकॉर्ड से ली गई है जो कि वर्ष ..... के ..... के रजिस्टर में दर्ज है।

नाम : .....

लिंग : .....

जन्म दिनांक : .....

जन्म स्थान : .....

पिता का नाम : .....

माता का नाम : .....

प्रमाण-पत्र बनाने का दिनांक : .....

प्रमाण-पत्र बनाने की दिनांक पर आयु : .....

आपके हस्ताक्षर

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


2. नीचे दिए गए बक्सों में दिनांक लिखकर निम्नलिखित को पूरा कीजिए —

जन्म दिनांक	विद्यालय में प्रवेश का दिनांक	कक्षा 1 में आपके प्रवेश का दिनांक	कक्षा 3 में आपके प्रवेश का दिनांक

Chapter 13.indd 170 3/7/2025 10:26:00 AM

आइए खेलते हैं


एक कार्यशील घड़ी लीजिए। घड़ी की सुइयों को ध्यान से देखिए। आपने जो देखा, उस पर चर्चा कीजिए।




आइए करते हैं

1. हेतल ने सुबह 7 बजे नाश्ता करना शुरू किया। उसने अपना नाश्ता सुबह 07:15 बजे समाप्त किया।

(क) 07:00 बजे




(ख) 07:15 बजे




उसे नाश्ता करने में ..... मिनट लगे। आपने कैसे पता किया?

2. निम्नलिखित घड़ी में समय दिखाने के लिए घंटे की और मिनट की सुई बनाइए—

(क) 8:15 बजे अथवा सवा आठ बजे



(ख) 8:30 बजे अथवा साढ़े आठ बजे



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों से चर्चा कीजिए कि घड़ी पर संख्याओं और चिह्नों का क्या अर्थ है। घड़ी का उपयोग करके घंटों और मिनटों की अवधि मापने की प्रक्रिया पर भी चर्चा कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 13.indd 171 3/7/2025 10:26:02 AM

आइए करते हैं

हेतल के जीवन का एक दिन

चित्र में दी गई गतिविधि को कथन के साथ मिलाइए।


गतिविधियों का समय लिखें और जहाँ आवश्यक हो वहाँ मिनट और घंटे की सुई बनाएँ।



© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 13.indd 172 3/7/2025 10:26:02 AM

नानीजी के घर की यात्रा



आइए सोचते हैं

1. नीचे दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने दैनिक जीवन की घटनाओं व गतिविधियों को लिखकर तालिका में भरिए। आपके लिए एक उदाहरण भी दिया गया है —

महीनों में होने वाले कार्य	सप्ताह में होने वाले कार्य	दिनों में होने वाले कार्य	घंटों में होने वाले कार्य	मिनटों में होने वाले कार्य
ग्रीष्म से शीत ऋतु में परिवर्तन	कक्षा में एक अध्याय पूरा करना	स्वेटर बुनना	कमीज सिलना	नहाना

शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों का ध्यान उन अलग-अलग घटनाओं की ओर आकर्षित करें जिन्हें पूरा होने में मिनट, घंटे, दिन अथवा महीने लगते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 13.indd 173 3/7/2025 10:26:02 AM

2. निम्नलिखित गतिविधियों में लगने वाले मिनटों की संख्या लिखिए—

गतिविधि	लिया गया समय
विद्यालय में कालांश-अवधि	..... मिनट
दोपहर के भोजन का अवकाश	..... मिनट
मध्याह्न भोजन	..... मिनट
खेलने की अवधि	..... मिनट
रात के खाने की अवधि	..... मिनट
दाँतों को ब्रश करने की अवधि	..... मिनट












3. नीचे दिए गए समय में आप क्या कर सकते हैं, लिखिए—

समय	गतिविधि
5 मिनट	
10 मिनट	
15 मिनट	
20 मिनट	
25 मिनट	
30 मिनट	
45 मिनट	
60 मिनट	

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 13.indd 174 3/7/2025 3:24:42 PM

4. मिनट और घंटे की सुइयों को देखकर बीत चुके मिनटों और घंटों की संख्या लिखिए—

आरंभ का समय	समापन का समय	लिया गया समय
		5 मिनट
		
		
		
		
		

@CBSE NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 13.indd 175 3/7/2025 10:26:04 AM

आइए पता लगाएँ

आपने कई स्थानों पर डिजिटल घड़ियाँ देखी होंगी। आपने उन्हें कहाँ-कहाँ देखा है? नीचे दिए गए चित्र में दिखाई गई घड़ियों को देखिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए—





एक **डिजिटल** घड़ी अंकों का उपयोग करके समय दिखाती है। सेकंड, मिनट और घंटे की सुइयों से समय दिखाने वाली घड़ी को **एनालॉग** घड़ी कहा जाता है।

1. उपर्युक्त दोनों घड़ियों में क्या अंतर है?
2. आपके विद्यालय की दीवार पर कौन-सी घड़ी लगी है?

रेत-घड़ियों का उपयोग करके भी समय की अवधि मापी जाती है। किसी वयस्क की उपस्थिति में अपनी स्वयं की रेत-घड़ी बनाइए—


आवश्यक सामग्री

(i) ढक्कन सहित छोटे आकार की दो व्यर्थ पारदर्शी बोतलें।

(ii) बोतल के ढक्कनों को जोड़ने के लिए गोंद।

प्रक्रिया

- गोंद का उपयोग करके बोतल के ढक्कनों के ऊपरी भागों को एक-दूसरे से जोड़िए।
- जुड़े हुए ढक्कनों के केंद्र में सुई से एक छोटा-सा छेद कीजिए।
- एक बोतल को साफ बारीक रेत से आधा भरिए और बोतल को जुड़े हुए ढक्कन से बंद कर दीजिए।
- दूसरी बोतल को जुड़े हुए ढक्कनों के दूसरी ओर लगाइए।



घड़ी देखकर पता लगाइए कि सारी रेत को एक बोतल से दूसरी बोतल में जाने में कितना समय लगता है। आपकी रेत-घड़ी उपयोग के लिए तैयार है। आप विभिन्न खेल खेलते समय इसका उपयोग कर सकते हैं।

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 13.indd 176 3/7/2025 10:26:05 AM

14 सूरजकुंड मेला

0334CH14



सोनी और अवि अपने दादाजी-दादीजी के साथ मेला देखने जा रहे हैं। वे हरियाणा के फरीदाबाद जिले के सूरजकुंड मेले में जा रहे हैं।
आइए हम उनके साथ चलें और आनंद लें।



आइए चर्चा करते हैं

- आप चित्र में क्या देखते हैं?
- चित्र में ऐसी वस्तुएँ खोजिए जो बाईं तथा दाईं ओर से एक जैसी दिख रही हैं।

शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों से उनके द्वारा देखे गए किसी भी स्थानीय मेले के बारे में चर्चा कीजिए। उन्हें चित्र में विभिन्न प्रतिरूप (पैटर्न) देखने के लिए प्रोत्साहित कीजिए, जैसे भूतल पर लगी टाइलें तथा दोनों तरफ से एक समान दिखने वाली वस्तुएँ और समान आकार आदि।

आइए माला बनाएँ


सोनी और अवि एक स्टॉल पर पहुँचते हैं जहाँ एक पुरुष और एक स्त्री मोतियों से माला बना रहे हैं।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आइए करते हैं

1. आपने जो माला बनाई है उसे दिखाने के लिए मोतियों को दो रंगों (🔴🟡) से रंगिए—






शिक्षक के लिए टिप्पणी – आप विद्यार्थियों को एक डोरी और गिनलड़ी से दो रंगों के 8 मोती दे सकते हैं। वे उन मोतियों से जो माला बनाएँगे, उसे यहाँ दी गई मालाओं को रंगकर दिखा सकते हैं।

Chapter 14.indd 178 3/7/2025 10:31:10 AM



मेरी माला के दोनों आधे भाग पूर्णत: एक समान हैं। मेरी माला सममितीय है।


मेरी माला के दोनों भाग एक जैसे नहीं हैं। मेरी माला सममितीय नहीं है।



2. पिछले पृष्ठ पर उन मालाओं पर ✓ का चिह्न लगाइए जो सममितीय हैं।

3. ऐसी कितनी मालाएँ बनाई जा सकती हैं? चर्चा कीजिए।

(क) जो मालाएँ सममितीय हैं, उन पर ✓ का चिह्न लगाइए और जो मालाएँ सममितीय नहीं हैं, उन पर ✗ का चिह्न लगाइए —



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

(ख) अब एक रंग के 6 मोतियों का और दूसरे रंग के 2 मोतियों का उपयोग करके सममितीय माला बनाइए —



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को अपने आस-पास सममितीय और असममितीय वस्तुओं के बीच अंतर ज्ञात के लिए प्रोत्साहित कीजिए। उन्हें अपने कारण बताने का अवसर भी प्रदान कीजिए।




Chapter 14.indd 179 3/7/2025 10:31:11 AM





वणक्कम! हर तरफ रंगोली!

सोनी और अवि तमिलनाडु के स्टॉल पर पहुँचते हैं। अम्मा झोंपड़ी के सामने कोलम बना रही थीं।

निम्नांकित चरणों के अनुसार आगे बढ़िए—

1 
2 
3 

4 
5 





आइए सोचते हैं

1. नीचे दी गई रंगोलियों को देखिए। क्या सभी रंगोलियाँ सममित हैं?





2. इन रंगोलियों को एक कागज पर बनाइए। कागज को इस तरह मोड़िए कि रंगोली का एक आधा भाग पूरी तरह से दूसरे आधे भाग पर रहे।

3. दी गई रंगोली में वे रेखाएँ बनाइए जो उन्हें दो समान आधे भागों में विभाजित करती हैं।



4. अपने आस-पास कागज की अन्य सममित वस्तुओं को देखिए और चर्चा कीजिए।



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों से चर्चा कीजिए कि कोलम क्या है तथा यह किस राज्य से संबंधित है, पुस्तक के अंत में बिंदुकित पत्रक (डॉट ग्रिड) दिया गया है। वे सममितीय रंगोलियाँ बनाने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 14.indd 180 3/7/2025 10:31:12 AM



आइए करते हैं

रंगोलियाँ बनाने का आनंद लें

पुक्कलम, केरल




ऐपण, उत्तराखंड




1. नीचे दी गई सममितीय रंगोलियाँ बनाकर पूर्ण कीजिए—


(क)



(ख)



(ग)




2. अपनी अभ्यास पुस्तिका में कुछ और सममितीय रंगोलियाँ बनाइए।



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को रंगोली का आधा भाग पूरा करने के अतिरिक्त अभ्यास दीजिए। देखिए और चर्चा कीजिए कि विद्यार्थी रंगोली का दूसरा भाग कैसे बनाते हैं। दूसरे भाग को पूरा करते समय वे क्या ध्यान में रखते हैं? वे कौन-सी विधियों का उपयोग करते हैं? विद्यार्थियों को देश के विभिन्न भागों से रंगोली के नमूने एकत्रित कर उन्हें कक्षा में साझा करने के लिए कहिए।


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मुखौटा बनाइए!



आइए बिल्ली का मुखौटा बनाएँ...





सोनी का मुखौटा सममितीय है और अवि का मुखौटा सममितीय नहीं है।



शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों से चर्चा करें कि अवि केवल एक ही आँख से क्यों देख पा रहा है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि जो वस्तुएँ दो समान भागों में इस तरह विभाजित होती हैं कि इनका एक आधा भाग दूसरे आधे भाग पर यथावत आरोपित होता है, वे सममित होती हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 14.indd 182 3/7/2025 10:31:14 AM

जैसे को तैसा

सोनी चित्रकार द्वारा बनाया गया अपना चित्र प्राप्त करती है—



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


आइए सोचते हैं


1. चित्रकार क्या चालाकी कर रहा है? चित्रकार को ऐसी वस्तुओं के चित्र बनाने के लिए कहिए जिन्हें एक जैसे दो समान भाग में विभाजित न किया जा सके। ऐसी तीन वस्तुओं के चित्र यहाँ बनाइए—

Chapter 14.indd 183 3/7/2025 4:23:13 PM

दर्पण का खेल


सोनी और अवि ने यह खेल खेलना आरंभ कर दिया है। आइए हम भी उनके साथ खेलें—





© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

क्या अवि ने गोटियाँ उचित स्थान पर रखी हैं? खींची गई रेखा पर दर्पण रखकर इसका परीक्षण कीजिए—






शिक्षक के लिए टिप्पणी – इस गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थी दो रंग की अलग-अलग वस्तुओं, जैसे – ब्लॉक, गोटियों आदि का उपयोग कर सकते हैं। विद्यार्थी इस खेल को फर्श पर भी खेल सकते हैं। खेल में विद्यार्थी चार से अधिक वस्तुओं का भी उपयोग कर सकते हैं तथा अपने मित्रों को चुनौती दे सकते हैं।


Chapter 14.indd 184 3/7/2025 10:31:15 AM

आइए पता लगाएँ

1 नीचे दिए गए चित्रों में से असंगत चित्र का चयन कीजिए और कारण बताइए—




2 4 कोष्ठों को लाल रंग से और 3 कोष्ठों को नीले रंग से इस प्रकार भरिए कि एक भाग दूसरे भाग का दर्पण में बनने वाला प्रतिबिंब हो—




इन्हें आप कितने प्रकार से भर सकते हैं?

विचार कीजिए।

3 चूहे के पक्ष को बिल्ली के पक्ष जैसा बनाइए। आप चूहे की ओर मात्र तीन गेंदों को हिला सकते हैं—



4 दी गई आकृति में बिना एक-दूसरे को ढके अलग-अलग आकार के कौन-कौन से कट-आउट पूरी तरह से भरे जा सकते हैं?





शिक्षक के लिए टिप्पणी – प्रश्न 1 में प्रत्येक चित्र भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। विद्यार्थियों को पता करने दीजिए तथा अपने उत्तर के लिए विभिन्न तार्किक कारण ढूँढ़ने दीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 14.indd 185 3/7/2025 10:31:15 AM


पथ पर टाइल लगाना






आइए करते हैं

1. बिना जगह छोड़े और बिना एक-दूसरे के ऊपर चढ़े आकृतियों को भरने के लिए रंगमिति (रंगोमेट्री) आकारों का उपयोग कीजिए—








शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों से उन भिन्न-भिन्न पगडंडियों पर चर्चा कीजिए जिन्हें वे देखते हैं। उन्हें बिना जगह छोड़े और एक-दूसरे के ऊपर चढ़े बिना टाइलों से रास्ते बनाने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 14.indd 186 3/7/2025 10:31:16 AM

टाइलें बनाकर रास्ते बनाते हैं

सोनी और अवि ने अलग-अलग आकारों को जोड़कर अपनी टाइलें बनाना आरंभ किया है।



सोनी की टाइलें



अवि की टाइलें




आइए करते हैं


1. अपनी टाइलें बनाने के लिए दो या दो से अधिक रंगमिति आकारों का उपयोग कीजिए। अब टाइलों की सहायता से विभिन्न प्रकार के मार्ग बनाइए—


समाप्त


आरंभ

2. नीचे दिए हुए मार्गों को बनाने का प्रयास कीजिए—













शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थी एक खाली कागज पर अलग-अलग टेसेलेशन (आकृतियों को एक पैटर्न में व्यवस्थित करना) बना सकते हैं और उनके कार्य को कक्षा में प्रदर्शित किया जा सकता है। उनके साथ दोहराई जाने वाली इकाई पर चर्चा कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Chapter 14.indd 187 3/7/2025 10:31:16 AM

विशाल झूला

सोनी और अवि के बीच का वार्तालाप पढ़िए और उस स्थान पर घेरा लगाइए जिसके बारे में वे बात कर रहे हैं।



क्या आप अनुमान लगा सकते हो कि मैं किस दुकान को देख रही हूँ? यह कुल्फी के ठेले के पास है।

वह जिस पर नीला झंडा है?



नहीं! वहीं से दूसरी दुकान। पीली छत वाली दुकान के सामने।





ओह! मैं समझ गया! जहाँ टोकरी में कठपुतलियाँ रखी हैं।





आइए खेलते हैं

कल्पना कीजिए कि आप सोनी और अवि के साथ बैठे हैं। आप किसी स्थान या दुकान के बारे में सोचिए और अपने मित्र को यह पता लगाने की चुनौती दीजिए कि आपकी दृष्टि कौन-सी दुकान पर है। आप हाँ या ना में उत्तर देकर अपने मित्र की अनुमान लगाने में सहायता कीजिए।


Chapter 14.indd 188 3/7/2025 10:31:17 AM

दादाजी और दादीजी को ढूँढ़िए

सोनी और अवि के दादाजी-दादीजी मेले में खो गए हैं। वे उनके नाम की घोषणा सुनते हैं।

सोनी और अवि के दादाजी-दादीजी चौपाल में उनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं...





इस मानचित्र पर स्थानों के नाम के साथ चित्र भी मौजूद हैं। झोंपड़ी का चित्र हस्तशिल्प की दुकानों को दिखाता है।





शिक्षक के लिए टिप्पणी – विद्यार्थियों को दिशाओं के बारे में जागरूक करने के लिए उनके साथ अनेक नवीन खेल खेले जा सकते हैं। वे दिशात्मक संकेतों का पालन करके उस स्थान तक पहुँच सकते हैं जहाँ कोई वस्तु रखी गई हो। वे संकेतों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे– 2 कदम अपनी दाईं ओर जाएँ, एक कदम आगे बढ़ाएँ, 5 कदम पीछे चलें, 3 कदम अपनी बाईं ओर चलें आदि।

NOT TO BE REPUBLISHED © CBSE

Chapter 14.indd 189 3/7/2025 10:31:18 AM



आइए करते हैं

1. सोनी और अवि की मानचित्र पढ़ने में तथा निम्नलिखित स्थान को ढूँढ़ने में सहायता कीजिए—

   (क) यह चिह्न  किस स्थान को दर्शाता है?

   .....

   (ख) मानचित्र में उस चित्र पर घेरा बनाइए जो खेल क्षेत्र को दर्शाता है?

   .....

   (ग) यह चिह्न  किस स्थान को दर्शाता है?

   .....

   (घ) मेले में कितने निकास मार्ग हैं?

   .....

2. अवि और सोनी जिस पथ पर चल रहे हैं, आप भी उसी मार्ग पर चलिए—

   (क) नीले मार्ग पर चलिए।

   (ख) हरे मार्ग से दाएँ मुड़िए।

   (ग) आपको अपनी दाहिनी ओर एक रेस्तरां दिखाई देगा। वहाँ मत बैठिए।

   (घ) लाल मार्ग से बाईं ओर मुड़िए।

   (ङ) सुनहरे मार्ग की ओर पहला बायाँ मोड़ लीजिए। मार्ग में आपको अनेक दुकानें दिखेंगी।

   (च) दुकानों से आगे बढ़िए आपको चौपाल में दादाजी-दादीजी मिल जाएँगे।

3. ताऊजी ने दादाजी से ए.टी.एम. का मार्ग पूछा। आप उन्हें चौपाल से ए.टी.एम. का मार्ग बताइए—

   .....

   .....

   .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


Chapter 14.indd 190 3/7/2025 10:31:18 AM



आइए करते हैं

1. सूरजकुंड मेले से बाहर जाने के दो पथ हैं। इसमें एक पथ भूलभुलैया जैसा है और दूसरा सीधा बाहर चला जाता है। सोनी और अवि की मेले से बाहर निकलने के लिए भूलभुलैया वाला रास्ता पार करने में सहायता कीजिए —





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. आप भूलभुलैया से कैसे निकले, बताइए। मार्ग में आपको जो भी वस्तुएँ मिलीं, उनके नाम लिखिए —

.....


.....

.....

.....

Chapter 14.indd 191 3/7/2025 10:31:19 AM

बिंदुकित पत्रक (डॉट ग्रिड)



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संख्या कार्ड

1	2	3	4
5	6	7	8
9	10	11	12
13	14	15	16
17	18	19	20
30	40	50	60
70	80	90	100
200	300	400	500
600	700	800	900


NOT TO BE REPUBLISHED @KSCERT


संख्या कार्ड

चार	तीन	दो	एक
आठ	सात	छह	पाँच
बारह	ग्यारह	दस	नौ
सोलह	पंद्रह	चौदह	तेरह
बीस	उन्नीस	अठारह	सत्रह
साठ	पचास	चालीस	तीस
सौ	नब्बे	अस्सी	सत्तर
पाँच सौ	चार सौ	तीन सौ	दो सौ
नौ सौ	आठ सौ	सात सौ	छह सौ

©KIBS NOT TO BE REPUBLISHED


भिन्न कार्ड






@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


टैनग्राम




वर्ग




भिन्न कार्ड






@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

वर्ग




टैनग्राम



घन का नेट

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए और रेखाओं से मोड़िए।




@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

घनाभ का नेट

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए और रेखाओं से मोड़िए।




@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

बेलन का नेट

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए और रेखाओं से मोड़िए।




@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

शंकु का नेट

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए और रेखाओं से मोड़िए।




@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

डाइंस ब्लॉक

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए। आप गतिविधियों के लिए आवश्यकतानुसार इस तरह के और ब्लॉक बना सकते हैं।




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

डाइंस ब्लॉक

निर्देश – बिंदु रेखाओं से काटिए। आप गतिविधियों के लिए आवश्यकतानुसार इस तरह के और ब्लॉक बना सकते हैं।



NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED